दैनिक

# न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक


**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, मंगलवार 26 सितंबर 2023 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-06, अंक- 01

## राजनाथ सिंह ने स्वास्तिक बनाकर वायुसेना को सौंपा सी-295 एयरक्राफ्ट, एचएस-748 एवरो को करेगा रिप्लेस

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को सी-295 ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट पर स्वास्तिक बनाकर उसे भारतीय वायु सेना में शामिल किया। गाजियाबाद स्थित हिंडन एयरबेस पर भारतीय संस्कृति के तहत विधिवत पूजा व मंत्र उच्चारण के बीच यह विमान भारतीय वायु सेवा में शामिल किया गया। सी-295 एयरक्राफ्ट भारतीय वायु सेना के सबसे आधुनिकतम ट्रांसपोर्ट विमानो में से एक है।



सी-295 मीडियम लिफ्ट स्ट्रैटेजिक एयरक्राफ्ट को वायु सेना के सुपुर्द करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि यह मीडियम लिफ्ट सामरिक विमान बिना तैयार लैंडिंग ग्राउंड (अनप्रिपेयर लैंडिंग ग्राउंड) से उड़ान भरने और उतरने में सक्षम है।

रक्षा मंत्री ने बताया कि सी-295 मीडियम लिफ्ट स्ट्रैटेजिक एयरक्राफ्ट अब वायु सेना के एचएस-748 एवरो विमान की जगह लेगा। उन्होंने कहा कि सी-295 के शामिल होने से भारतीय वायुसेना की मध्यम लिफ्ट सामरिक क्षमता में वृद्धि होगी। रक्षा मंत्री ने कहा कि आने वाले वर्षों में भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए रक्षा और एयरोस्पेस क्षेत्र दो महत्वपूर्ण स्तंभ हैं। भारत ने यह विमान यूरोपियन कंपनी एयरबस डिफेंस एंड स्पेस से भारतीय वायु सेना के लिए खरीदा है। विमान की डिलीवरी भारतीय वायु सेना को स्पेन में दी गई थी।

सोमवार को इसे हिंडन एयरबेस पर वायु सेना में शामिल कर लिया गया। इससे पहले हिंडन वायुसेना एयरबेस पर एक खास ड्रोन शो हुआ। गाजियाबाद स्थित हिंडन एयरबेस पर यह 'भारत ड्रोन शक्ति' कार्यक्रम 26 सितंबर तक चलेगा। ड्रोन शक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत, ड्रोन के 50 से अधिक लाइव हवाई प्रदर्शन किए गए।

इसके उपरांत हिंडन एयरबेस पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भारतीय वायु सेना को पहला सी-295 मिलिट्री ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट सौंपा। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक 'भारत ड्रोन शक्ति' के दौरान बेहतरीन ड्रोन की उड़ानों का प्रदर्शन किया गया। साथ ही साथ कई नए एवं आधुनिक उत्पाद लॉन्च हो रहे हैं। देशभर के 75 से ज्यादा ड्रोन स्टार्टअप और कॉरपोरेट्स इस 'भारत ड्रोन शक्ति' कार्यक्रम में शामिल हो रहे हैं। कार्यक्रम में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और वायुसेना प्रमुख वीआर चौधरी मौजूद रहे।

भारतीय वायु सेना का पहला सी-295 ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट बुधवार को ही भारत पहुंचा है। यह विमान गुजरात में वडोदरा के वायु सेना स्टेशन पर उतरा था। वायु सेना के मुताबिक यह एयरक्राफ्ट शॉर्ट टेक-ऑफ और लैंडिंग कर सकते हैं। विशेषज्ञों मुताबिक यह विमान महज 320 मीटर की दूरी में ही टेक-ऑफ कर सकता है। लैंडिंग के लिए इसे मात्र 670 मीटर की लंबाई चाहिए। ऐसी स्थिति में यह विमान भारत चीन सीमा के नजदीक लद्दाख, कश्मीर, असम और सिक्किम जैसे पहाड़ी इलाकों में वायु सेना के ऑपरेशन में शामिल हो सकता है।

एयरक्राफ्ट अपने साथ 5 से 10 टन तक वजन ले जा सकता है। विमान एक बार में अपने साथ 71 सैनिक, 44 पैराट्रूपर्स, 24 स्ट्रेचर या 5 कार्गो पैलेट को ले जा सकता है। इसके साथ ही यह ट्रांसपोर्ट विमान 480 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से 11 घंटे तक उड़ान भर सकता है। एयरबस डिफेंस एंड स्पेस के साथ की गई डील 56 विमानों के लिए है। इनमें से 16 विमानों का निर्माण स्पेन में हो रहा है जबकि शेष बचे 40 विमान गुजरात के वडोदरा में टाटा एडवांस सिस्टम कंपनी द्वारा तैयार किए जाएंगे।

सितंबर 2021 में भारत ने यूरोपियन कंपनी एयरबस डिफेंस एंड स्पेस के साथ कुल 56 ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट के लिए करीब 21,935 करोड़ रुपए की डील की है। सी-295 विमान भारतीय वायु सेना के एवरो-748 विमानों का स्थान लेंगे। यह विमान भारतीय वायुसेना में बीते छह दशक पहले सेना में आए थे।

सी-295 विमान का इस्तेमाल सैन्य साजो-सामान और रसद पहुंचाने के लिए किया जाता है। यह विमान ऐसे स्थान पर भी पहुंच सकता है जहां भारी ट्रांसपोर्ट विमानों के जरिए नहीं पहुंचा जा सकता। टाटा एडवांस सिस्टम 2024 के मध्य तक सी-295 विमान बनाना शुरू करेगी। फिलहाल, इसकी फाइनल असेम्बली लाइन का काम चल रहा है। भारत में पहला स्वदेशी सी-295 विमान 2026 में बन कर तैयार होगा।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### एनडीए को झटका, अन्नाद्रमुक ने तोड़ा नाता, अलग मोर्चे का करेगी नेतृत्व

**हैदराबाद (आरएनएस)।** लोकसभा चुनाव 2024 से पहले कई राजनीतिक गठजोड़ टूटते बनते बिगड़ते देखे जा सकते हैं। इसी कड़ी में तमिलनाडु में अन्नाद्रमुक ने भाजपा और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के साथ अपना रिश्ता खत्म कर लिया है। पार्टी के उपसमन्वयक केपी मुनुसामी ने इसका आधिकारिक एलान किया। इस संबंध में अन्नाद्रमुक ने बैठक करके सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया। एआईएडीएमके नेताओं की बैठक के बाद पार्टी के उप समन्वयक के पी मुनुसामी ने कहा, एआईएडीएमके आज से बीजेपी और एनडीए से सभी रिश्ते तोड़ रही है। पार्टी ने कहा, बीजेपी का राज्य नेतृत्व एक साल से लगातार हमारे पूर्व नेताओं, हमारे महासचिव ईपीएस (एडापड्डी पलानीस्वामी) और हमारे कार्यकर्ताओं पर अनावश्यक टिप्पणी कर रहा है। आज की बैठक में यह प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। एआईएडीएमके ने कहा कि वह 2024 के लोकसभा चुनाव में एक अलग मोर्चे का नेतृत्व करेगी। दरअसल इस समय देश में दो प्रमुख गठबंधन हैं। इसमें एक बीजेपी के नेतृत्व वाला एनडीए है तो दूसरा कांग्रेस, टीएमसी और आम आदमी पार्टी सहित 28 दलों वाला विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' है।

### भोपाल में कार्यकर्ता महाकुंभ में शामिल होने जा रही बस ट्रक से टकराई, 39 घायल

**खरगोन (आरएनएस)।** मध्यप्रदेश के खरगोन जिले के कसरावद थाना क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) कार्यकर्ताओं को कार्यकर्ता महाकुंभ में शामिल कराने भोपाल ले जा रही एक बस रास्ते में खड़े ट्रक से टकरा गयी, जिसके चलते 39 लोग घायल हो गए। कसरावद और मंडलेश्वर के एसडीओपी मनोहर गवली ने बताया कि कसरावद थाना क्षेत्र के ग्राम गोपालपुरा के समीप निजी यात्री बस वहां खड़े एक ट्रक से टकरा गई। दुर्घटना के चलते घायल हुए लोगों को सीधे खरगोन स्थित जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जिला अस्पताल खरगोन के सिविल सर्जन डॉक्टर अमर सिंह चौहान ने बताया कि घटना में 39 लोग घायल हुए है। उन सभी को अस्पताल में भर्ती किया गया था।

### तेज एसी चलाकर सोता रहा डॉक्टर, 2 नवजातों की ठंड लगने से मौत

**मुजफ्परनगर (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर से सटे शामली जिले के कैराना इलाके में एक निजी क्लीनिक में 2 नवजात बच्चों की कथित तौर पर एयर कंडीशनर से ठंड लगने के कारण मौत हो गई। नवजात शिशुओं के परिवारों ने आरोप लगाया कि क्लिनिक के मालिक डॉक्टर नीतू ने शनिवार रात सोने के लिए तेज एयर कंडीशनर चालू किया जिससे कमरा बहुत ठंडा हो गया। रविवार सुबह जब परिजन बच्चों को देखने गए तो वे दोनों मृत पाए गए। एचएचओ (कैराना) नेत्रपाल सिंह ने बताया कि बच्चों के परिवारों की शिकायत पर डॉ. नीतू के खिलाफ आईपीसी की धारा 304 (गैर इरादतन हत्या की सजा) के तहत मामला दर्ज किया गया है और उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। इस बीच स्वास्थ्य विभाग ने घटना की जांच के आदेश दे दिये हैं।

## तेज रफ्तार कार पेड़ से टकराई, तीन बड़े अधिकारियों समेत 5 की मौत

उमरिया ,25 सितंबर (आरएनएस)। मध्य प्रदेश के उमरिया में बीती देर रात एक भीषण सडक़ हादसा हो गया। जहां तेज रफ्तार कार पेड़ से टकरा गई। इस हादसे में खनिज विभाग के निरीक्षक, लोक सेवा प्रबंधन और एक इंजीनियर समेत कुल 5 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई है। बताया गया कि सभी जन्मदिन की पार्टी मनाकर घर लौट रहे थे। यह पूरी घटना जिले के पाली थानान्तर्गत घुनघुटी चौकी के ग्राम मझगवां की है। जहां नेशनल हाईवे 43 पर तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराई। इस भीषण सडक़ घटना में तीन लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। जबकि दो की जिला चिकित्सालय शहडोल में मौत हुई।



मृतकों में शहडोल जिले के खनिज विभाग में पदस्थ पुष्पेंद्र त्रिपाठी, कलेक्ट्रेट कार्यालय में पदस्थ अवनीश दुबे सहित कुल पांच लोग शामिल है। घटना रविवार रात करीब 1 से 2 बजे के बीच की बताई जा रही है। यह सभी ढाबे से जन्मदिन की पार्टी मनाकर शहडोल वापस लौट रहे थे। इस दौरान हादसे का शिकार हो गए। फिलहाल पुलिस इस पूरी घटना की जांच में जुटी हुई है।

## महन सरिया और दिव्य दृष्टि ग्रुप के दरभंगा सहित 5 ठिकानों पर आयकर विभाग की छापेमारी

**दरभंगा (आरएनएस)।** आयकर विभाग के अन्वेषण निदेशालय की टीम आज बिहार के दरभंगा एवं समस्तीपुर के दो व्यावसायिक घरानों के देश के पांच शहरों में स्थित अलग-अलग ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को यहां बताया कि आयकर विभाग की टीम बिहार के महन सरिया ग्रुप एवं दिव्य दृष्टि ग्रुप के दरभंगा, समस्तीपुर सहित पुणे, गुवाहाटी और कोलकाता में छापामारी कर रही है। यह दोनों व्यावसायिक घराना पशु आहार एवं आटा मिल (फ्लोर मिल) के निर्माण एवं व्यवसाय से जुड़े हैं जिनकी फैक्ट्री एवं आवासों और कार्यालय सहित विभिन्न ठिकानों पर छापेमारी कर रही है।

## तेज रफ्तार कार ने 5 मजदूरों को कुचला, 3 की मौत

**पुणे (आरएनएस)।** कल्याण-नगर हाईवे से भीषण हादसे की खबर सामने आई है। दरअसल स्थित डिंगोरे इलाके में दत्त मंदिर के पास एक तेज रफ्तार कार ने पांच मजदूरों को कुचलने की दिल दहला देने वाली घटना घटी है। खबर सामने आई है कि इनमें से 2 मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई और एक की इलाज के दौरान मौत हो गई। घायलों का आलेफाटा के अस्पताल में इलाज चल रहा है। इस घटना के संबंध में जानकारी में सामने आया है कि ये सभी खेती में काम करने वाले मजदूर हैं। पता चला है कि कुछ दिन पहले वह एक किसान के खेत पर मजदूरी करने आये थे।




तीनों मृतकों के नाम जगदीश महेंद्र सिंह डावर, सुरमल मंजारे, दिनेश तारोले हैं और हादसा रविवार की रात करीब आठ से साढ़े आठ बजे के आसपास हुआ। प्रारंभिक जानकारी सामने आ रही है कि कार के नियंत्रण खोने से यह हादसा हुआ है। हादसे की जानकारी मिलते ही पंचक्रोशी शोक व्यक्त कर रहे हैं। इस संबंध में अधिक जानकारी यह है कि दो-तीन दिन पहले नगर-कल्याण हाईवे पर डिगोर इलाके में पांच खेत मजदूर मध्य प्रदेश से आए थे, लेकिन आज शाम को खेत का काम पूरा कर पैदल घर जाते समय हाईवे पर चार पहिया वाहन क्रमांक 8909 तेजी से आ रहा था।

दरअसल सभी मजदूर अपने घर जा रहे थे तभी ये दुर्भाग्यपूर्ण घटना घटी। घटना की जानकारी मिलने पर ओतूर पुलिस मौके पर पहुंची। उन्होंने वहां पंचनामा कर आगे की कार्रवाई करने का आदेश दिया है। गौरतलब हो कि पिछले चार-पांच दिनों में नगर-कल्याण हाईवे पर बार-बार हादसों में कई लोगों की मौत हो चुकी है।

## अक्टूबर में 16 दिन बंद रहेंगे बैंक; आरबीआई ने जारी की गाइडलाइंस

**नई दिल्ली।** अक्टूबर का महीना आने वाला है। इस दौरान कई त्योहारों के चलते 16 दिन बैंक बंद रहेंगे। यदि आप बैंक के जरूरी काम निपटाने का प्लान बना रहे हैं तो उससे पहले आपको अक्टूबर महीने में पडऩे वाली हॉलीडेज के बारे में जरूर पता कर लेना चाहिए।

रिजर्व बैंक की गाइडलाइंस के मुताबिक, राज्य विशेष के आधार पर सभी पब्लिक हॉलीडेज और कुछ रीजनल हॉलीडेज पर बैंक बंद रहेंगे। रीजनल हॉलीडेज राज्य सरकार द्वारा तय की जाती हैं। भारतीय रिजर्व बैंक की हॉलीडेज की सूची के अनुसार, अगले महीने कुल 15 दिनों से अधिक हॉलीडेज होंगी। इसमें शनिवार और रविवार की हॉलीडेज भी शामिल हैं। दरअसल, अक्टूबर महीने में पांच रविवार पड़ रहे हैं। इसके साथ ही दूसरे और चौथे शनिवार को भी बैंक की छुट्टी रहती है यानी पूरे देश में ये सात हॉलीडेज तय हैं।




**अक्टूबर में इस दिन बंद रहेंगे बैंक**

- **2 अक्टूबर,** सोमवार, महात्मा गांधी जयंती
- **12 अक्टूबर,** रविवार- नरक चतुर्दशी (कई राज्यों में मनाई जाती है)
- **14 अक्टूबर,** दूसरा शनिवार, महालया (मुख्य रूप से कर्नाटक, ओडिशा, त्रिपुरा और पश्चिम बंगाल में)
- **15 अक्टूबर,** रविवार- घटस्थापना (कई राज्यों में मनाया जाता है)
- **15 अक्टूबर,** रविवार- महाराजा अग्रसेन जयंती (पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और राजस्थान)
- **18 अक्टूबर,** बुधवार- कटि बिहू (असम)
- **19 अक्टूबर,** मंगलवार- संवत्सरी महोत्सव (गुजरात)
- **21 अक्टूबर,** शनिवार- दुर्गा पूजा (महा सप्तमी)
- **22 अक्टूबर,** रविवार- महा अष्टमी (भारत भर के कई राज्य)
- **23 अक्टूबर,** सोमवार- महानवमी/आयुध पूजा
- **24 अक्टूबर,** मंगलवार- दशहरा/विजयादशमी)/दुर्गा पूजा
- **25 अक्टूबर,** बुधवार, दुर्गा पूजा (दसई)
- **26 अक्टूबर,** गुरुवार, दुर्गा पूजा (दसई)/ परिग्रहण दिवस
- **27 अक्टूबर,** शुक्रवार, दुर्गा पूजा (दसई)
- **28 अक्टूबर-** चौथा शनिवार, लक्ष्मी पूजा, परगट दिवस
- **31 अक्टूबर,** मंगलवार, सरदार वल्लभभाई पटेल का जन्मदिन

## बांग्लादेश में डेंगू से मरने वालों की संख्या पहुंची 900

**ढाका।** बांग्लादेश में इस साल अब तक सामने आए 187,725 मामलों में से डेंगू बुखार से 900 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। इसका पता स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों से चला है।



रिपोर्ट में जिक्र है कि स्वास्थ्य मंत्रालय के तहत स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय (डीजीएचएस) के आंकड़ों के अनुसार कुल 909 मौतों में सितंबर में 316, अगस्त में 342 और जुलाई में 204 शामिल हैं।

डीजीएचएस के अनुसार अगस्त में 71,976 और जुलाई में 43,854 के बाद सितंबर में अब तक डेंगू के 63,917 मामले दर्ज किए गए।

दक्षिण एशियाई देश में पिछले 24 घंटों में 16 मौतें और 3,008 अधिक डेंगू संक्रमण दर्ज किए गए। डीजीएचएस ने कहा कि इस साल अब तक देश में ठीक हुए मरीजों की कुल संख्या 176,346 है।

जून-सितंबर की मानसून अवधि बांग्लादेश में डेंगू बुखार का मौसम है, जिसे मच्छर जनित बीमारी के लिए उच्च जोखिम वाला देश माना जाता है।

## प्रधानमंत्री मोदी 30 सितंबर को बिलासपुर, तीन अक्टूबर को जगदलपुर में लेंगे सभा

**रायपुर (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 30 सितंबर को बिलासपुर और तीन अक्टूबर को जगदलपुर आएंगे। चुनावी वर्ष में मोदी तीन महीने के भीतर प्रदेश में क्रमश: तीसरी व चौथी सभा लेंगे। राजनीतिक प्रेक्षकों की मानें तो प्रधानमंत्री का यह प्रवास छत्तीसगढ़ भाजपा के लिए संजीवनी बूटी से कम नहीं है।

एक तरफ दंतेवाड़ा से 12 सितंबर और जशपुर से 15 सितंबर को शुरू हुई भाजपा की परिवर्तन यात्रा से भाजपाइयों का मनोबल बढ़ा हुआ है। वहीं अब प्रधानमंत्री बिलासपुर में परिवर्तन यात्रा के समापन के मौके पर भाजपा कार्यकर्ताओं में जोश भरेंगे। मोदी मिशन-2023 के चुनावी रण में 90 विधानसभा सीटों पर जीत के लिए उनका हौसला बढ़ाएंगे।

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ का सबसे बड़ा संभाग बिलासपुर है। जहां आठ जिलों में 24 विधानसभा सीट आती हैं। इस इलाके में सभी राजनीतिक पार्टियां जोर लगा रही हैं। इसमें से कांग्रेस के पास 13,भाजपा के पास 07, छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस (जे) 02 और बहुजन समाज पार्टी के पास 02 सीट है।

छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस (जे) से अलग हुए धर्मजीत सिंह अब भाजपा में शामिल हो गए हैं। जबकि बस्तर संभाग की 12 विधानसभा सीटों में सभी में कांग्रेस के विधायक काबिज हैं। ऐसे में प्रधानमंत्री के दौरे से बिलासपुर के साथ-साथ बस्तर को भी साधने की रणनीति है।

इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने 14 सितंबर को रायगढ़ में 6,350 करोड़ की रेल परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित किए थे। उन्होंने यहां आमजन की सभा भी ली थी। वहीं रायपुर में सात जुलाई को उन्होंने 7600 करोड़ की सौगात दी थी। प्रधानमंत्री का दौरा आने वाले विधानसभा चुनाव के हिसाब से बहुत अहम माना जा रहा है।

## केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी ने लॉन्च की हाइड्रोजन ईंधन सेल से चलने वाली बस

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी में पहली ग्रीन हाइड्रोजन ईंधन सेल बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि हाइड्रोजन को भविष्य का ईंधन माना जाता है। इसमें भारत को अपने डीकार्बोनाइजेशन लक्ष्यों को पूरा करने में मदद करने की अपार क्षमता है। वर्ष 2050 तक हाइड्रोजन की वैश्विक मांग चार से सात गुना बढक़र 50-80 करोड़ टन होने की उम्मीद है।



उन्होंने कहा कि घरेलू मांग मौजूदा 60 लाख टन से बढक़र 2050 तक चार गुना बढक़र 250-280 लाख टन होने की उम्मीद है। मंत्रालय के तहत सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियां 2030 तक सालाना लगभग 10 लाख टन हरित हाइड्रोजन का उत्पादन करने में सक्षम होंगी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि शीघ्र ही एनसीआर क्षेत्र में अतिरिक्त 15 ईंधन सेल बसें संचालित करने की योजना बनाई जा रही है।

उन्होंने कहा, हरित हाइड्रोजन से चलने वाली यह बस देश में शहरी परिवहन का चेहरा बदलने जा रही है। मैं राष्ट्रीय महत्व की इस परियोजना की बारीकी से निगरानी करूंगा। पुरी ने कहा कि मंत्रालय ने हरित हाइड्रोजन के क्षेत्र में अग्रणी पहल की है और हम रिफाइनरियों में हरित हाइड्रोजन का उत्पादन और उपयोग करने के अपने प्रयासों में तेजी ला रहे हैं।

पुरी ने बताया कि इसके अलावा, प्राकृतिक गैस पाइपलाइनों में हाइड्रोजन मिश्रण, इलेक्ट्रोलाइजर आधारित प्रौद्योगिकियों के स्थानीयकरण, हरित हाइड्रोजन उत्पादन के लिए जैव-मार्गों को बढ़ावा देने से संबंधित परियोजनाओं को आक्रामक रूप से आगे बढ़ाया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि ईंधन सेल बस को बिजली देने के लिए बिजली उत्पन्न करने के लिए हाइड्रोजन और हवा का उपयोग करता है। बस से निकलने वाला एकमात्र अपशिष्ट पानी है। इसलिए यह डीजल से चलने वाली पारंपरिक बसों की तुलना में परिवहन का संभवत: सबसे पर्यावरण अनुकूल तरीका है। मंत्री ने आगे बताया कि आंतरिक दहन इंजन की तुलना में ईंधन सेल अत्यधिक कुशल हैं। पारंपरिक इंजनों की तापीय दक्षता 25 प्रतिशत है जबकि ईंधन सेल की विद्युत दक्षता 55-60 प्रतिशत है।

पुरी ने कहा कि इन बसों में ढाई-तीन किमी/लीटर डीजल बसों की तुलना में 12 किमी/किलोग्राम हाइड्रोजन की उच्च ईंधन अर्थव्यवस्था होगी। इसके अतिरिक्त, हाइड्रोजन ईंधन से चलने वाले वाहन को कुछ ही मिनटों में फिर से भरा जा सकता है। लगभग उतनी ही तेजी से जितनी तेजी से आंतरिक दहन इंजन में पेट्रोल या डीजल भरा जा सकता है।